चित्रकूट पुलिस

(1). मिशन शक्ति फेज-6 के अंतर्गत बालिकाओं एवं महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान, संरक्षण एवं स्वावलंबन के प्रति जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा जागरूक करते हुए महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई।

आज दिनाँक 21.10.2026 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुम कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा (थाना कोतवाली कर्वी द्वारा मार्केट,सोनेपुर, धतुरहा चौराहा आदि जगहों में,थाना मारकुंडी द्वारा थाना तिराहा व ग्राम नई बस्ती अमचूर नेरुवा में,थाना पहाड़ी द्वारा ग्राम पहाड़ी बुजुर्ग में,थाना बहिलपुरवा द्वारा ग्राम पड़रिया में,थाना सरधुवा द्वारा ग्राम पनौटी में) स्थानों पर भ्रमण कर मिशन शक्ति फेज-6 के अंतर्गत छात्राओं/बालिकाओं एवं महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान, संरक्षण एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक करते हुए महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का

अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

(2). आज दिनांक 21.10.2026 को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन्स, चित्रकूट स्थित शहीद स्मारक पर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा कर्तव्य पालन के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीद पुलिस जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में दिनांक 01.09.2025 से 31.08.2026 तक कर्तव्य पालन के दौरान शहीद हुए पुलिस जवानों के नाम एवं उनकी वीरगाथाओं का वाचन किया गया। तत्पश्चात शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर वीर शहीदों को नमन किया गया।

कार्यक्रम के क्रम में उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीद पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके उपरान्त सेरेमोनियल गार्द द्वारा शहीद जवानों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उपस्थित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शोक सलामी अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर वीर शहीदों के बलिदान को नमन किया।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक श्री पीयूष कान्त राय, क्षेत्राधिकारी कार्यालय/यातायात श्रीमती करिश्मा गुप्ता, क्षेत्राधिकारी नगर श्री सत्येन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी मऊ श्री फहद अली, प्रतिसार निरीक्षक श्री राम शीष यादव, वाचक पुलिस अधीक्षक श्री राजीव कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक सोशल मीडिया/साइबर सेल श्री विजय कुमार सिंह सहित समस्त थाना एवं शाखा प्रभारी तथा अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

चित्रकूट पुलिस वीर शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को नमन करती है तथा उनके अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण को सदैव स्मरण रखेगी।

(3). आज दिनांक 21.10.2026 को मूर्ति विसर्जन को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी चित्रकूट श्री पुलकित गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा एडीएम न्यायिक डॉक्टर कंचन की उपस्थिति में बुईया बाई तालाब, सीतापुर, बनकट तालाब एवं दुर्गा तालाब स्थित मूर्ति विसर्जन स्थलों का स्थलीय भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा विसर्जन स्थलों पर विद्युत, पेयजल, नाव एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया तथा पाई गई कमियों को तत्काल दूर कराते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा मूर्ति विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पर्याप्त बैरिकेडिंग सुनिश्चित करने तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, विसर्जन के दौरान भीड़ प्रबंधन एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था अथवा अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मूर्ति विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, जिससे मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराया जा सके।इसके अतिरिक्त, मूर्ति विसर्जन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उन्हें तालाब के अत्यधिक गहरे पानी में न जाने के लिए

जागरूक करने तथा विसर्जन के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए, जिससे मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम को सुरक्षित एवं सकुशल सम्पन्न कराया जा सके।

भ्रमण के दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री अभयराज सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

(4). आज दुर्गा देवी प्रतिमा विसर्जन के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री पीयूषकांत राय द्वारा दुर्गा देवी प्रतिमा विसर्जन स्थल देवकली तालाब पहाड़ी एवं मूर्ति विसर्जन स्थल गंगी तालाब राजापुर का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान विसर्जन घाटों पर बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, गोताखोर/नाव की उपलब्धता एवं पुलिस बल की तैनाती का जायजा लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। महोदय द्वारा शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित विसर्जन सम्पन्न कराने हेतु सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश दिए गए।